वृक्षारोपण कार्यक्रम का आगाज

उदयपुर, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने सोमवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण के दक्षिण विस्तार योजना स्थित जोगी तालाब के परिधीय क्षेत्र में वृक्ष रोपित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में विधायक, उदयपुर ग्रामीण फूलसिंह मीणा, पूर्व न्यास (प्राधिकरण) अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, पूर्व गिर्वा-प्रधान तख्तसिंह शक्तावत, पार्षद राजकुमारी गन्ना, श्रीमती संतोष मेनारिया एवं स्थानीय सरपंच सत्यनारायण गमेती ने भी वृक्षारोपण कर सभी शहरवासियों से भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। राज्यपाल कटारिया ने जोगी तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण के साथ ही तालाब के परिधीय क्षेत्र में तालाब की तरफ ऐसे पौधे लगाये जाने के निर्देश दिए जिससे तालाब का पानी गंदा न हों। उन्होंने तालाब के दूसरी तरफ छायादार एवं कुछ फलदार पेड लगाने के भी निर्देश दिए ताकि तालाब में पक्षियों को भी भोजन मिल सकें। साथ ही राज्यपाल कटारिया द्वारा प्राधिकरण क्षेत्राधिकार के अन्यत्र स्थानों पर भी तरह-तरह की प्रजाति के पौधे रोपित करने एवं उनके रख-रखाव के साथ ही पर्यावरण को बढावा दिये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।राज्यपाल कटारिया ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं प्राधिकरण टीम के साथ जोगी तालाब परिधीय क्षेत्र में निर्माणाधीन सडक कार्य की भी समीक्षा कर कार्य में आ रही बाधाओं की भी जानकारी ली गयी। साथ ही जोगी तालाब पाल पर निर्मित गजिबों के चारों तरफ भी लेण्ड स्केपिंग एवं फूलवारी विकसित कर इसे फेन्सिंग के माध्यम से संरक्षित करने के भी निर्देश प्रदान किये ताकि उक्त क्षेत्र को और अधिक सुन्दर बनाये जाकर आने वाले लोगो को इसका लाभ मिल सकें। कार्यक्रम में उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, भूमि अवाप्ति अधिकारी बिन्दुबाला राजावत, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर, अधिशाषी अभियंता विजय पटेल एवं प्राधिकरण की समस्त तकनीकी टीम भी उपस्थित रही।

आयड़ सौंदर्यीकरण और बर्ड पार्क विकास की तलाशी संभावनाएं

उदयपुर, (कासं)। पर्यावरणीय विषयों के ख्यातनाम विशेषज्ञ, गुजरात निवासी पद्मश्री सवजीभाई ढोलकिया सोमवार को उदयपुर यात्रा पर रहे, उन्होंने असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की टीम के साथ आयड़ नदी सौंदर्यीकरण कार्य तथा गुलाबबाग में स्थित बर्ड पार्क का निरीक्षण किया। दोनों स्थलों पर विकास की संभावनाएं तलाशी। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। जल्द ही दोनों स्थलों को और अधिक आकर्षक, उपयोगी और सुदृढ बनाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

राज्यपाल कटारिया के आमंत्रण पर ढोलकिया अपनी टीम के साथ विशेष चार्टर विमान से उदयपुर पहुंचे। सोमवार सुबह कटारिया व ढोलकिया गुलाबबाग स्थित बर्ड पार्क पहुंचे। यहां सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक फूलचंद मीणा, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल तथा वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने बर्ड पार्क के विभिन्न प्रभागों को देखा और विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। बर्ड एक्सपर्ट रजत भार्गव व डीएफओ डीके तिवारी ने बर्ड पार्क में ग्रीन मुनिया ब्रीडिंग सेंटर, ब्लू ब्रेस्टेड क्वेल सहित विभिन्न पक्षियों के पिंजरों को दिखाया और यहां की गतिविधियों के संबंध में जानकारी मुहैया करवाई। ढोलकिया ने इस दौरान वन विभागीय अधिकारियों से बर्ड पार्क पर किए जाने वाले खर्च और आमदनी के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि प्रतिमाह लगभग 5 लाख रुपये खर्च होते हैं और दर्शकों से आय 15 लाख रुपये वार्षिक होती है। ढोलकिया ने कहा कि इस बर्ड पार्क से सालाना 50 लाख रुपये प्रोफिट हो सकता है, इसके लिए पार्क में पक्षियों की नई प्रजातियां लानी होंगी। आम आदमी के लिए रियायती टिकट लगे पर फोटोग्राफी करने वालों से अतिरिक्त राशि ली जा सकती है। उन्होंने पार्क को आकर्षक बनाने और लोहे के पिंजरों के स्थान पर गेल्वेनाईज के पिंजरों को लगाने का सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने सेंटर जू अथोरिटी द्वारा स्वीकृत पक्षियों की प्रजातियों को यहां लाने का सुझाव दिया। राज्यपाल कटारिया ने बर्ड पार्क विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए अग्रेषित करने के निर्देश दिए। कटारिया ने ढोलकिया को इस बर्ड पार्क को ए-क्लास बनाने के लिए सुझाव देने का आह्वान किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. चंद्रगुप्तसिंह चौहान, हंसराज चौधरी, मुख्य वन संरक्षक एसआर वेंकटेश्वर मूर्थी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी और शहरवासी मौजूद थे। इससे पूर्व ढोलकिया ने यहां परिसर में पौधरोपण भी किया।

उदयपुर में आयड़ नदी कार्यों का निरीक्षण करते राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया सवजीभाई ढोलकिया, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल व अन्य।

बर्ड पार्क के अवलोकन के बाद कटारिया व ढोलकिया अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की टीम के साथ आयड़ पुलिया पर पहुंचे। वहां उन्होंने नदी पेटे में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। जिला कलक्टर पोसवाल ने अवगत कराया कि राज्यपाल कटारिया के प्रयासों से 5 वर्ष पूर्व आयड़ सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ हुआ। तत्कालीन समय में भामाशाहों के सहयोग से पूरे नदी पेटे की सफाई कराई गई। इसके पश्चात स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ हुआ। इसमें नदी के बीच में कैनाल तैयार की गई तथा दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट बेड तैयार किया गया है। कटारिया ने आयड़ नदी सौंदर्यीकरण को लेकर और अधिक संभावनाओं पर चर्चा की। इस पर ढोलकिया ने मानसून में पानी की आवक, सिंचाई प्रबंधन, सौंदर्यीकरण आदि बिन्दुओं को ध्यान में विशेषज्ञों और अधिकारियों से चर्चा कर कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। इस दौरान सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, नगर निगम महापौर गोविन्दसिंह टांक, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश, स्मार्ट सिटी के प्रदीप सिंह सांगावत, एसीईओ कृष्णपालसिंह चौहान, समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। आयड़ नदी सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन करते समय ढोलकिया की नजर किनारे की दीवार पर उगे पीपल के पेड़ पर पड़ी। इस पर ढोलकिया उसके पास पहुंचे और कहा कि लोगों की भ्रम है कि दीवार पर उगा पीपल दीवार को तोड़ता है, जबकि यह तो उसे जोड़ता है। उन्होंने कहा कि पीपल को लेकर कई तरह के भ्रम है, जबकि हकीकत यह है कि पीपल सर्वाधिक ऑक्सीजन देने वाला पेड़ है, इसलिए अधिक से अधिक पीपल लगाए जाने चाहिए।

- **पद्मश्री सवजीभाई ढोलकिया ने बर्ड पार्क पार्क को आकर्षक बनाने और लोहे के पिंजरों के स्थान पर गेल्वेनाईज के पिंजरों को लगाने का सुझाव दिया**

आयड़ नदी सौंदर्यीकरण कार्यस्थल पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने ढोलकिया और उनकी टीम का उपरणा तथा मेवाड़ी पाग पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने श्रीनाथजी की तस्वीर और कामाख्या देवी मंदिर असम का मॉडल भी भेंट किया। मीडिया से बात करते हुए श्री ढोलकिया ने कहा कि उदयपुर को प्रकृति और पूर्वजों ने बहुत कुछ दिया। यहां के राणा-महाराणाओं ने सदियों पहले ही जल संरक्षण और प्रबंधन की जो व्यवस्था की है, वह अन्यत्र कहीं नहीं मिलती है। यहां के शासकों ने गौरवशाली इतिहास और स्थापत्य का खजाना भी प्रदान किया है, जिनकी वजह से पर्यटक खींचा चला आता है। प्रकृति ने हरे भरे पहाड़ और शहर के बीचों बीच आयड़ जैसी नदी दी है जरूरत इन सभी विरासतों को संभालने की है।

सार-समाचार

लूट का आरोपी पकड़ा

उदयपुर, (कासं)। टेम्पो रोक चालक के साथ मारपीट कर नकदी लूट की वारदात करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पूर्व में एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने कारछा से महूदरा रोड़ पर टेम्पो चालक के साथ मारपीट कर नकदी लूट की वारदात करने वाले आरोपी प्रिंस पुत्र सूरजमल डामोर निवासी मानापाडा खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 17 जून को नरेश पुत्र जीवनलाल कलाल निवासी पालवडा फला माताजी सदर डूंगरपुर ने रिपोर्ट दी कि मैं भंगार का धंधा करता हूं तथा टेम्पों लेकर खेरवाडा से कारछा गया था जहां से वापस लौट रहा था। इस दौरान मानाकाडा के दिपेश, तुषार, प्रिंस एवं विशाल ने मुझे रोका तथा मारपीट कर नकदी लूट ली। मामले में दीपेश को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटैन कर शेल्टर होम भिजवाया जा चुका है। प्रिंस को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 660 रूपये बरामद किए।

मोबाइल छीनने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना पुलिस ने राह चलते व्यक्ति से मोबाईल छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 26 जून को पीडित भास्कर टांक पुत्र जितेन्द्र टांक निवासी वकील कॉलोनी सेक्टर 11 सविना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि रात में भोजन करने के बाद वह गवरी चौराहा से आगे की तरफ रोड पर घूम रहा था। इस दौरान आए बाइक सवार तीन बदमाश मेरे हाथ से मोबाईल छीन फरार हो गए। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गोविन्द मीणा पुत्र कालुलाल मीणा निवासी लाल मगरी सविना तथा राहुल मीणा पुत्र अर्जुनलाल मीणा निवासी रमणी घाटी काया खरपीणा को प्रोडेक्शन वारंट जरिये जेल से गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया मोबाइल एवं वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है जिनसे अन्य वारदातें भी खुलने की संभावना है।

हादसे में श्रमिक की मौत, दो घायल

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धन विलास हाइवे पर टर्बो ट्रेलर ने युवक को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला सहित दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र हाइवे पर व्यास नगर फीरंग नीमच एमपी निवासी ललित (23) पुत्र सोला चावड़ा को टर्बो ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर एएसआई देवेन्द्रपुरी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। ललित व अन्य श्रमिक मजदूरी करने मुम्बई जाने के लिए वाहन की प्रतिक्षा में हाइवे पर खड़े थे। इस दौरान टर्बो ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई तथा एक साथी व महिला भी घायल हो गई। जिन्हें परिजन चिकित्सालय ले गए।

खेर की लकड़ी तस्करी मामले में दो धरे

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना पुलिस ने खेर की लकडी तस्करी करने के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी धनपतसिंह के नेतृत्व में गबिठत दल ने 31 मई को कोटडा देवला रोड़ पर पाण्डीबोर में नाकाबंदी करने के दौरान अवैध खेर की लकडी तस्करी मामले में फरार आरोपी करणसिंह पुत्र एकनाथ सिंह राजपूत निवासी तालुका अकोट जिला अकोला रूईखेड़ा महाराष्ट्र हाल गांधीसरणा रोड़ कोटडा तथा धर्मा पुत्र केवला परमार निवासी ढेडमारिया कोटडा को गिरफ्तार किया। इससे पूर्व पुलिस ने खेर की लकडी से भरा ट्रक जब्त कर चालक कमाल अख्तर पुत्र मो. अख्तर निवासी चुऑबार मोहनपुर गया बिहार को गिरफ्तार किया था।

अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ जोगीतालाब एवं ट्रांसपोर्ट नगर क्षैत्र में कार्यवाही करते हुए राजू मीणा पुत्र रमेश मीणा निवासी बोरीकुआ फला लाम्बेरी टीडी तथा प्रताप मीणा पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी बोरी कुंआ फला हेरी टीडी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पांच पांच लीटर शराब व बाइक जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

श्रमिक की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। मजदूरी करने के दौरान श्रमिक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अम्बामाता थाना क्षैत्र रानीरोड़ स्थित पर निर्माणाधीन मकान पर काम करने के दौरान विजय(20) पुत्र वागाराम पारगी निवासी वासेला कोटडा को काम करते समय चक्कर आने पर साथी श्रमिक ने चिकित्सालय पहुंचाया।

सार-समाचार

सात छात्राओं का इन्टर्नशिप के लिए चयन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज (गिट्स) डबोक, उदयपुर की 7 छात्राओं का चयन राजस्थान नगर अवसंरचना विकास परियोजना में इन्टर्नशिप के लिए महिला सशक्तिकरण के तहत हुआ।संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि राजस्थान के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध नगर अवसंरचना विकास परियोजना नगर प्रबन्धन में उभरती हुई चुनौतियों से निपटने एवं बुनियादि सुविधाओं को बहाल करने के लिए बनाई गई हैं। जिसका उद्देश्य 6 प्रमुख शहर जैसे उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, जोधपुर में स्थाई अवसंरचना को सुधारना हैं। जिसके तहत कोर ब्रान्च में महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए राजस्थान सरकार के सम्बन्धित विभाग राजस्थान अरबन ड्रिंकिंग वाटर सिवरेज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉपोरेशन लिमिटेड एवं गिट्स में करार हुआ। उसके पश्चात् विभिन्न शोर्टलिस्टिंग के माध्यम से इलेक्ट्रिकल इन्जिनियरिंग की छात्रा प्राची पानेरी, अर्चना लौहार, सुरभी राठौड एवं किया पटेल और सिविल इन्जिनियरिंग विभाग की छात्रा मित्तल सोनी, दुर्गा शर्मा और सोनल दामोर का चयन राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए किया। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड अरविन्द सिंह पेमावत के अनुसार इस करार के तहत इन प्रति छात्रा को 45 दिनों के लिए 24 हजार रूपये प्रदान किये जायेंगे। वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। जिससे वे समाज में अपनी महत्वर्पूण भूमिका निभा सके।

अग्निकर्म चिकित्सा शिविर 12 को

उदयपुर, (कासं)। आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में 32 वें नि:शुल्क पांच दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ सोमवार को आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ दीनदयाल शर्मा व उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट के आतिथ्य में हुआ।अतिरिक्त निदेशक उदयपुर संभाग डॉ दीनदयाल शर्मा ने कहा कि पंचकर्म चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति जिसमें रोग जड से ठीक होते हैं। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर डॉ राजीव भट्ट ने सिन्धी बाजार में पंचकर्म शिविर में सेवा दे रहे चिकित्सको नर्सिंगकर्मियों एवं सहायक स्टाफ की सराहना की। प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी वैद्य शोभालाल औदीच्य ने बताया कि आज खानपान और जीवनशैली में आये बदलाव की वजह से लोगो में लाइफ स्टाइल डिजीज बहुत बढ़ रही है और आम नागरिक से लगाकर छोटे बच्चो में विशेषकर महिलाओ में जोडो का दर्द, घुटनों का दर्द, सर्वाइकल, साइटिका माइग्रेन, अवस्कुलर नेक्रोसिस, एडी में दर्द, अनिद्रा, बालों की समस्या अधिक देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचकर्म शिविर में कटीबस्ती, जानुबस्ती, ग्रीवाबस्ती, नस्य, सर्वांग स्वेदन, स्थानिक अभ्यंग, सर्वांग अभ्यंग, स्थानिक स्वेदन, षष्टिशाली पिंडस्वेद, शिरोधारा, शिरोबस्ती, धारास्वेदन, बस्तीकर्म द्वारा रोगियों का पंचकर्म उपचार प्रारंभ किया गया है। 12 जुलाई को विशेष अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

श्रवण यंत्र वितरण शिविर आज से

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी सांयकालीन महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित डिपार्टमेंट ऑफ रिहेबिलिटेशन साइन्सेस की ओर से 9 से 11 जुलाई तक नि:शुल्क श्रवण यंत्र वितरण शिविर का आयोजन टाउन हॉल स्थित संस्थान के सभागार में किया जायेगा। अधिष्ठाता डॉ. एस.बी. नागर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत करेंगे। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को आधार कार्ड, दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र अधिकतम रू. 22500 रुपए प्रतिमाह लाना होगा। शिविर का समय प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक रहेगा।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

उदयपुर, (कासं)। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था भूमंडलीय पर्यावरण संरक्षण एवं मानव विकास संस्थान ने सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव व मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोईयों की पंचोली में वृक्षारोपण किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपअधीक्षक मदन सिंह रावल, कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह रावल, प्राचार्य देशपाल सिंह शेखावत समेत स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

करंट से कृषक की मौत

उदयपुर, (कासं)।कोटड़ा थाना क्षैत्र में विद्युत करंट लगने से कृषक की मौत हो गई। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसर रविवार को कोटडा थाना क्षैत्र जोगीवड़ गांव निवासी मुकेश पुत्र नानालाल तराल अपने खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान वहां से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाईन के विद्युत पोल को छूने से करंट लगने पर झुलस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टैबल कालुलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

अलकनंदा शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'हस्त रेखा विचार' का विमोचन

पुस्तक हस्त रेखा विचार का विमोचन कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत आदि ने किया।

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) के संघटक श्रमजीवी महाविद्यालय के ज्योतिष एवं वास्तु संस्थान की विभागाध्यक्ष डॉ. अलकनंदा शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक हस्त रेखा विचार का विमोचन कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सुरेश चन्द्र व्यास ने किया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. अलकनंदा ने संस्थान में हो रहे नवाचारों से सभी को अवगत कराया। यह नवाचार विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षण उपलब्ध करवाएंगे।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हम कितना भी तकनीक का प्रयोग कर ले, हर युग में पुस्तकों की प्रासंगिकता रहेगी। उन्होंने प्राचीन भारतीय विद्याओं के प्रति वर्तमान में बढती जागरूकता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य परक, संस्कार एवं नैतिकता से युक्त विषयों के अध्ययन पर प्रकाश डालते हुए प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर परिवर्तनों के साथ चलने पर जोर दिया। आईआईआरएफ (इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) द्वारा 2024 की डीम्ड विवि की रैंकिंग में राजस्थान में दूसरा एवं देश में 37 वां स्थान प्राप्त करने पर संस्थान की ओर से प्रो. सारंगदेवोत का पगडी माला, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र व्यास , दिनेश कुमार अरोडा, रीना जोशी, मनोहर लाल जोशी, डॉ.चंद्र रेखा शर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, महेंद्र सेन,प्रकाश चौबीसा, मनीष तिवारी, राकेश सोनी, डॉ.चंद्रकांता कुमावत, लोकेश शर्मा, जूली शर्मा, सुदर्शन शर्मा, पंकज जोशी , प्रदीप औदिच्य, रश्मिता पारीख, मदन, निखिल, रेखा सुखवाल, नरेंद्र नागदा, नारायण लाल आमेटा भी उपस्थित रहे।संचालन रीना जोशी, डॉ. चन्द्र रेखा शर्मा व आभार सुरेश चन्द्र व्यास ने जताया।

- **डॉ. अलकनंदा ने कहा कि नवाचार विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षण उपलब्ध करवाएंगे**

विजेता खिलाड़ियों का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। उज़्बेकिस्तान में आयोजित हुई सीनियर महिला एशियाई लैक्रोज़ प्रतियोगिता की उपविजेता भारतीय टीम में सम्मिलित उदयपुर के खिलाड़ियों का गृह जिले उदयपुर पहुंचने स्वागत एवं सम्मान किया गया। कप्तान सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, विशाखा मेघवाल, मीरा दौजा, हेमलता डांगी व दीपिका बामनिया सहित प्रशिक्षक नीरज बत्रा का रेलवे स्टेशन, तितरड़ी, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय छात्रावास, लोयरा, चिकलवास, धार में ढोल-नगाड़े, आतिशबाज़ी, गुलाल, माला, उपरणे से जुलुस के साथ भावपूर्ण व गर्मजोशी भरा स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेलप्रेमी, खिलाड़ी, परिजन, विभिन्न खेल, राजनीतिक, सामाजिक, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षक एवं खिलाडियों ने लैक्रोज़ एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के महासचिव तौसीफ अहमद लारी, राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सिंह, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेंद्र कुमार भट्ट, जनजाति आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर क्लेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल,भोपाल सिंह राणा, खेल अधिकारी अजित जैन सहित उपस्थित जन समुदाय आदि का प्रोत्साहन हेतु आभार व्यक्त किया।

कारगिल विजय दिवस मनाने वाला काफिला रवाना

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि , उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय रक्षाबलों की एसयूवी द्वारा कारगिल बैस केम्प तक जाने वाले काफिले को हरी झण्डी दिखाकर उदयपुर से रवाना किया।

कल प्रात: 7.30 बजे महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिकी विवि प्रशासनिक भवन पर भारतीय रक्षाबलों के दिग्गजों द्वारा संचालित महिन्द्रा एसयूवी का एक काफिला जो कि दक्षिण कोची से चलकर कारगिल बैस कैम्प तक जायेगा, जिसकी कमाण्ड कैप्टन राजीव कर रहे हैं, को कुलपति डॉ. कर्नाटक ने हरी झण्डी दिखाकर रखाना किया। इससे पूर्व कैप्टन राजीव ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल केडेट कौर के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रेरणास्पद उद्बोधन से छात्र-छात्राओं और विवि के गणमान्य अधिकारियों, कर्मचारियों को सैनिकों की जीवनशैली, कार्यकुशलता, अनुशासन, आदेशपालना आदि के साथ आने वाली मुसीबतों और उनसे पार पाने के कई किस्से साझा किये।

कारगिल विजय के काफिले को हरी झण्डी दिखा रवाना करते कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ।

केप्टन राजीव छात्र-छात्राओं के संदेश, पोस्टर, स्लोगन अपने साथ ले गये तथा वहां जाकर कारगिल बैस केम्प को यह सारे संदेश भेंट करेंगे। एसयूवी पर जाने वाला यह दल करीब दस हजार किलोमीटर की यात्रा करेगा। उक्त दल देश के दक्षिण से उत्तर तक की अपनी यात्रा में देशकी भावी युवा पीढी को राष्ट्र हितार्थ जीवनयापन के पाठ को पढाते जा रहे है।

सर्वप्रथम छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. मनोज कुमार महला ने मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.अजीत कुमार कर्नाटक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, वहीं कुलपति डॉ. कर्नाटक ने कैप्टन राजीव को साफा पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर विवि के संघटक के अधिष्ठाता डॉ. अनुपम भटनागर, सीटीएई, डॉ. आर. बी. दुबे, आरसीए, डॉ. धृति सौलंकी, सीसीएएस, विशेषाधिकारी डॉ. विरेन्द्र नेपालिया, डीआरआई डॉ. बी. एल. बाहेती, डीपीएम डॉ. सुनिल जोशी, सचिव क्रीडा मण्डल सोम शेखर व्यास, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. विशाखा सिंह, डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. रणवीर सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण मंत्रालय, राजस्थान,राज्य स्तरीय राजस्थान के पत्र क्रमांक संख्या RJ/24/SEAC/2/MIN/EC/0110/ Cat. B1/2023-24, Jaipur Dated- 18/06/2024 के द्वारा मेसर्स कृष्णा सोनेक्स, गांव भूरवाड़ा तह. देवगढ़ जिला राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा Ref. No. 20211000052584 ,ML Area.13.7201 हेक्टर, वास्ते खनिज-ग्रेनाइट एरिया क्षमता 2.8560, 201583 TPA के लिये पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई हैं । उपरोक्त स्वीकृति की SEIAA, Rajasthan एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध हैं एवं मण्डल की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

लिज धारक- मै.कृष्णा सोनेक्स ग्रेनाइट्स

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण मंत्रालय, राजस्थान,राज्य स्तरीय राजस्थान के पत्र क्रमांक संख्या RJ/24/SEAC/2/MIN/EC/0121/ Cat. B1/2023-24, Jaipur Dated- 18/06/2024 के द्वारा मेसर्स सुखलाल तेली पिता भगा तेली गांव लिकी, तह. आमेट, जिला राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा Ref. No. 20211000060417 , ML No. 48/2022, ML Area.3.4598 हेक्टर, वास्ते खनिज-ग्रेनाइट एरिया क्षमता 7,00,650, TPA 7,00,650 के लिये पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई हैं । उपरोक्त स्वीकृति की SEIAA, Rajasthan एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध हैं एवं मण्डल की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

लिज धारक- मै. सुखलाल तेली

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण मंत्रालय, राजस्थान,राज्य स्तरीय राजस्थान के पत्र क्रमांक संख्या F.1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat B2(24396)/2023-24 Dated- 28/03/2024 के द्वारा मेसर्स राज लक्ष्मी ग्रेनाइट्रों प्रा.लि. गांव लालजी का खेड़ा, तह. तह. देवगढ़ जिला राजसमन्द में स्थित खनन पट्टा ML Area.132/2021 हेक्टर, वास्ते खनिज-ग्रेनाइटों एरिया क्षमता 4.7152, TPA 7016650 के लिये पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई हैं । उपरोक्त स्वीकृति की SEIAA, Rajasthan एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध हैं एवं मण्डल की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

लिज धारक-मै. राज लक्ष्मी ग्रेनाइटों